तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 29 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


4 लंबित प्रकरणों के निराकरण में देरी पर एसपी ने जताई नाराजगी



## खबर संक्षेप

### खनिज आरक्षक के सूने मकान में चोरी

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कोतवाली के बाद अब चोर गिरोह गांधीनगर थाना क्षेत्र में सक्रिय हो गए है। चोरों ने भगवानपुरकला साई मंदिर रोड स्थित खनिज आरक्षक के सूने मकान में धावा बोलकर नगदी समेत लगभग 1 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भगवानपुरकला साई मंदिर रोड निवासी अशोक कुमार मिश्रा आ. स्व.सप्तमुनि मिश्रा खनिज आरक्षक के पद पर अजिरमा बेरियर में पदस्थ है। कुछ दिन पूर्व घर में ताला लगाकर परिवार के साथ गांव गया था। इसी दौरान शनिवार को पड़ोसी ने घर का ताला टूटा तथा चोरी होने की सूचना दी। सूचना पर मकान मालिक अशोक कुमार मिश्रा घर पहुंचा तो देखा कमरे में सामान बिखरा है और अलमारी खुला हुआ है। मकान मालिक ने अलमारी की तलाशी ली तो पता चला कि चोरों ने अलमारी में रखे नगद समेत लगभग 1 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए है। साथ ही चोरों ने घर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी साथ लेकर गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरों ने दुकान के सामने से पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** पटेलपारा निवासी अमरनाथ बागे आ. बिजगु राम बागे देवीगंज रोड में स्टील दुकान का संचालन करता है। हर रोज की भांति 22 जनवरी को स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीके 7793 से दुकान आया और स्कूटी को दुकान के सामने खड़ा किया था। इसी दौरान रात को दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अरहर खेत में जाने से मना करने पर ग्रामीण से मारपीट

**अम्बिकापुर।** अरहर खेत में कुछ लोगों को जाते देख ग्रामीण ने खेत में जाने से मना किया तो खेत में जा रहे लोगों ने ग्रामीण की बेदम पिटाई कर दी। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चलगली निवासी जवाहिर चौधरी आ. स्व. बिहारी चौधरी गत दिन अरहर फसल को देखने खेत गया था। इसी दौरान चौरपानी निवासी बिन्दा कोरवा आ. शनिचरा उर्फ झिलो व अन्य लोग उसके अरहर खेत में जाने लगे। जिसे देख जवाहिर ने खेत में जाने से मना किया तो बिन्दा सहित उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। इधर मारपीट से घायल जवाहिर को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की रिपोर्ट घायल के भाई तेजू चौधरी ने थाने में दर्ज कराई।

## ग्रामीण की सूचना के बाद हरकत में आए वन अधिकारी

# करंट से हथिनी को मौत के घाट उतारने के बाद अंगों को काटकर 12 गड्ढो में दफनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीणों ने एक महीने पूर्व एक हथिनी को करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया तथा उसके अंगों को टांगी से काटकर जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया। इस हृदय विदारक घटना की हवा न तो हाथियों की निगरानी करने वाले वनकर्मियों को लगी न ही ग्रामीणों को। शनिवार को किसी ग्रामीण ने वन अधिकारियों को घटना की सूचना दी तो वन अधिकारी रविवार को सक्रिय हुए तथा जंगल में अलग-अलग स्थानों पर गड्ढा खोदकर हथिनी के अंगों को बरामद किया। मामले में विभाग ने तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। जंगल की शोभा हाथियों को लेकर वन अमला एवं क्षेत्र के ग्रामीण कितने गंभीर हैं इसका खुलासा रविवार को हुआ। हाथियों की उपस्थिति को लेकर बेहद संवेदनशील घुई जंगल में लगातार फसलों को तबाह करने से नाराज ग्रामीणों ने एक महीने पूर्व जंगल किनारे हाई वोल्टेज करंट की बाड़ लगाई। इस दौरान करंट की चपेट में आने से एक मादा हथिनी की मौत हो गई। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से टांगी एवं फावड़े से हथिनी के पैर-सुंड सहित अन्य अंगों को काटकर अलग किया तथा मुख्य मार्ग से 400 मीटर दूर जंगल में अलग-अलग 12 गड्ढे खोदकर दफना दिया। इस बड़ी घटना की सूचना न तो वन अमले को मिली न ही किसी ग्रामीण को। शनिवार की शाम किसी ग्रामीण ने डीएफओ पंकज कमल को घटना की सूचना दी तो वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शनिवार को रात होने के कारण मामले में कोई कारवाई नहीं हो सकी। रविवार को सुबह 8 बजे वन अधिकारी तीन सदस्यीय चिकित्सा दल वन अमले की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं जांच शुरू की। पूरे दिन वन अधिकारी ग्रामीणों से पूछताछ करने के साथ ही जंगल की जांच करते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद रमकोला बीट के कक्ष क्रमांक पी-244 में वन विभाग द्वारा निर्मित तालाब के पास अलग-अलग गड्ढों को खोदकर हथिनी के अंगों को बरामद किया गया। इस दौरान घटना स्थल पर वाइल्ड लाइफ सीएफ के.आर बढ़ई, सूरजपुर डीएफओ पंकज कमल, उपसंचालक एलिफेंट रिजर्व श्री निवास तन्तेरी, उपवन मंडलाधिकारी आशुतोष भगत सहित बड़ी संख्या में रेंजर व वनकर्मी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर की जा रही पूछताछ
- 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर की जा रही पूछताछ



मृत हथिनी के अंगों का पीएम करते चिकित्सक।

### एक महीने पूर्व की घटना

पशु चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ.महेन्द्र पाण्डेय, एलीफेंट रेस्क्यू सेंटर के डॉ.अजीत पाण्डेय व डॉ.शंभु पटेल की टीम ने मृत हथिनी के अंगों का पीएम किया। चिकित्सक ग्रामीणों द्वारा एक महीने से डेढ़ महीने के बीच हथिनी को करंट से मारने के बाद उसके अंगों को दफनाने की बात कह रहे हैं। लम्बा समय होने के कारण हथिनी के अंग सड़ गए थे। चिकित्सकों ने पीएम में हथिनी को करंट से मारने एवं अंगों को टांगी एवं फावड़े से काटने के साक्ष्य मिले हैं। आरोपियों ने हथिनी के चारों पैर, उसके सुंड, जबड़े सहित विभिन्न अंगों को 12 टुकड़ों में काटने के बाद अलग-अलग 12 गड्ढों में दफनाया था। आरोपियों को हथिनी के अंगों को काटने एवं दफनाने में 20 घंटे से अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है। मृत हथिनी का जबड़ा मिला है जबकि सिर का हिस्सा लापता है। शव के जबड़े में 10-10 दांत मिले हैं। पैर की लंबाई, गोलाई एवं दांतों के आधार पर चिकित्सक मृत हथिनी की उम्र 15 से 20 साल के बीच बता रहे हैं। पीएम में मृत हथिनी के आगे के दोनों पैर, सुंड व जबड़ा करंट से झुलसा हुआ मिला है। हथिनी की सभी हड्डियां सुरक्षित है तथा हड्डियों से मांस चिपका मिला है। चिकित्सक सुबह करंट से हथिनी की मौत होने के बाद आरोपियों द्वारा पूरे दिन-रात उसके अंगों को काटने एवं दफनाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। घटनास्थल रमकोला स्थित एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर के निकट धूरिया जंगल में स्थित है।

### चल रही जांच

मुखबिर से मिली सूचना पर जंगल की जांच उपरांत 12 गड्ढों में मृत हथिनी के अलग-अलग हिस्सों को बरामद किया गया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच चल रही है। मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने की भी संभावना है। पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगी।

**आशुतोष भगत**
उप वनमंडलाधिकारी, प्रतापपुर

### तीन आरोपी गिरफ्तार

पूरे दिन की जांच-पड़ताल के बाद वन अधिकारियों ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वन अधिकारी हथिनी को मारने एवं उसके अंगों को काटकर दफनाने के मामले में 4 ग्रामीणों के शामिल होने की बात कह रहे हैं। चौथे आरोपी के फरार होने के कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वन अधिकारियों ने मामले में ग्राम धूरिया निवासी नरेन्द्र सिंह आ.रामशरण सिंह गोड़ (37वर्ष) जनकू राम आ.स्व.ननकू राम (52वर्ष) रामचन्दर आ. स्व. शिवलाल अगरिया (58वर्ष) को गिरफ्तार किया है जबकि माधव आ.राय सिंह अगरिया (27वर्ष) फरार बताया जा रहा है। मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने की भी संभावना जताई जा रही है।

### अब तक 40 हाथियों की मौत

सूरजपुर वनमण्डल में अब तक सर्वाधिक हाथियों की मौत हुई है तथा अप्रैल 2016 के बाद अब तक विभिन्न जंगलों में 40 हाथियों की मौत हो चुकी है। हाथियों की सर्वाधिक मौतें करंट से हुई है। हाथियों के मौत के मामले में वन परिक्षेत्र प्रतापपुर एवं सूरजपुर में अब तक सर्वाधिक घटनाएं घटित हुई हैं। रविवार को हुई घटना में वन अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। डीएफओं पंकज कमल अपना मोबाइल स्वीच ऑफ कर देर शाम तक अन्य वन अधिकारियों व पुलिस अमले के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- लोधिमा में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

रविवार को एनएच पर दो अलग अलग घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। देर शाम हुई घटना में एनएच 130 पर अज्ञात वाहन बाइक सवार लोगों को टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना में घायल महिला व युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की मौत हो गई जबकि युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक महिला व घायल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम मणिपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि लोधिमा के फूटामुड़ा तालाब के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हुए है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी एक महिला व युवक सड़क पर तड़प रहे थे। पुलिस टीम द्वारा घायलों को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी होने की बात कही जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतिका का नाम 30 वर्षीय संध्या एक्का बताया जा रहा है जबकि युवक का नाम गोविन्द है। दोनों मेंड्रा के रहने वाले बताए जा रहे है और किसी काम से शहर में आए थे। संभावना जताई जा रही है वापस लौटते समय बाइक सवार युवक व महिला को अज्ञात वाहन का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया।



### एनएच 43 पर हुई घटना में युवक की मौत

**बतौली/सेदम।** रविवार को एनएच 43 पर हुई घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बतौली कुनकुरी निवासी 21 वर्षीय प्रिंस कोरवा आ. तेजू कोरवा अपने साथी 21 वर्षीय दुर्गा पैकरा के साथ अंबिकापुर गया हुआ था और दोनों युवक केटीएम सोल्ड बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर बेलकोटा के समीप अज्ञात वाहन का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े हुए थे। सूचना मिलने के बाद दयाल 112 के आरक्षक प्रदीप तिर्की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस घटना में दुर्गा पैकरा की मौके पर मौत हो गई जबकि प्रिंस कोरवा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

**संचालक गिरफ्तार डीजे व पिकअप वाहन जब्त**

# कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**अंबिकापुर।** अब शहर में कोलाहल अधिनियम का पालन नहीं करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सरगुजा पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने बीती रात पिकअप वाहन में तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने पिकअप व डीजे सिस्टम को जब्त कर लिया गया है और उनपर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। बता दें कि ध्वनि विस्तारक यंत्रो के तेज आवाज से हो रही परेशानियों कों संज्ञान में लेकर एसपी सुनील शर्मा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शहर में हो रहे आयोजनों के दौरान देर रात तक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग करने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में 27 जनवरी की रात गांधीनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि कमोदा विहार तुर्रापानी के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा तेज आवाज में डीजे सिस्टम का प्रयोग कर कोलाहल किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घरबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने डीजे संचालक सत्तीपारा शीतला वार्ड निवासी 24 वर्षीय शुभम संतोष यादव व महामाया पारा निवासी 20 वर्षीय अमित टोप्पो आ. अमल टोप्पो को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच के दौरान आरोपी युवक पिकअप से डीजे संचालन के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। ऐसे में पुलिस ने तेज आवाज में डीजे संचालन करने व कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने के मामले में धारा 15 कोलाहाल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही पिकअप और डीजे को जब्त कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, एसआई एस कुजूर, एएसआई विनय सिंह, आरक्षक घनश्याम देवांगन, दिलबोधन सिंह, अनिल सिंह परिहार सक्रिय रहे।



# खेत किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला छात्र का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जांच में जुटी पुलिस, मणिपुर थाना क्षेत्र के बंजारी का मामला

शहर से लगे बंजारे मोहल्ले में खेत किनारे नाबालिग छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई है। छात्र एक सप्ताह से घर नहीं लौटा था। आज उसका शव खेत में एक अहाते से लगा हुआ मिला। प्रारंभिक जांच में छात्र की हत्या किए जाने की बात कही जा रही है। छात्र की हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की बात कही जा रही है। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके साथ ही कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ चल रही है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह मणिपुर थाना अंतर्गत एनएच 130 पर स्थित बंजारी मोहल्ले में एक नाबालिग छात्र का शव मिला है। शव विनोद गुप्ता के घर के पीछे खेत में आहाते से लगा हुआ औंधे मुंह पड़ा हुआ था। लोगों ने खेत में शव होने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला मणिपुर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान मृतक की पहचान बंजारी निवासी 16 वर्षीय आशीष लकड़ा आ. करमा लकड़ा के रूप में की गई। मृतक कक्षा आठवीं का छात्र था और अपने पिता के साथ रहता था। मृतक की मां परिवार से अलग रहती है इसलिए वह सप्ताह भर पूर्व अपनी मां से मिलने के लिए निकला था और उसके बाद वह शनिवार को अपनी बुआ के घर चला गया। बुआ के घर से वह स्कूल गया लेकिन स्कूल से लौटने के बाद किसी ने भी छात्र को नहीं देखा था। आज छात्र का शव मिलने से परिजन सदमें में है। घटना की जानकारी मिलने के बाद फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची थी। मृतक छात्र के शरीर पर चोट के निशान है और संभावना जताई जा रही है कि उसकी हत्या के बाद शव को खेत किनारे फेंका गया है। मृतक के दाईं आंख के पास चोट के निशान हैं साथ ही कमर पर भी घसीटे जाने के निशान मिले हैं। छात्र की हत्या का कारण अबतक स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन पुलिस के अनुसार यह प्रेम प्रसंग का मामला नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



घटना स्थल की जांच करती पुलिस।

### चल रही है जांच

छात्र के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

**-पुपलेश कुमार**, एएसपी


DELHI PUBLIC SCHOOL
BILASPUR
Day-cum-Residential School

Congratulations



Arman Ubhrani - of class I " The Google Boy " for receiving the
PRADHAN MANTRI
RASHTRIYA BAL PURASKAR 2024

ADMISSIONS OPEN 2024-25
Pre-Nursery to IX & XI
• Science • Commerce • Humanities
Air-Conditioned Classrooms & Hostel

QR Code for Online Registration

Applications are invited for the following posts
- PGT, TGT & PRT All Subjects
- Activity Faculties
  Physical Education, Dance, Music, Art

Send your resume to : principal@dpsbilaspur.edu.in

+91-7771011656 admissions@dpsbilaspur.edu.in www.dpsbilaspur.com
Delhi Public School Bilaspur, Raipur Road, Tifra Bilaspur (C.G.) 495001

28 Ambikapur-BHOOMI-pg 2_Layout 1 1/28/2024 9:38 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'रोड हाउस' का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज



डौग लिमन के 1989 के क्लासिक 'रोड हाउस' के रूपांतरण में जेक गिलेनहाल को बार ब्रॉल्स के मिस्टर रोजर्स के रूप में दिखाया गया है। 'रोड हाउस' का दमदार एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जेक गिलेनहाल एक पूर्व-यूएफसी मिडिलवेट फाइटर एलवुड डाल्टन की भूमिका में हैं, जो एक के बाद एक कई हिट लेता है। ट्रेलर में जेक गिलेनहाल को एलवुड डाल्टन के रूप में दिखाया गया है, जो एक पूर्व-यूएफसी मिडिलवेट फाइटर है और वह बहुत अधिक हिट लेता है और ठीक होने में असमर्थ है। वह एक बीट-अप कार में रहता है और भूमिगत युद्ध रिंगों में भाग लेता है। वह जेसिका विलियम्स के बार मालिक को मिला, जो उसे अपने लिए काम करने के लिए आमंत्रित करती है। यह फिल्म मैकग्रेगर की पहली फिल्म भूमिका और लड़ाई पर जेक गिलेनहाल के अनूठे दृष्टिकोण को दर्शाती है।

यह फिल्म फिल्म निर्माता डग लिमन की 1989 की पैट्रिक स्वेज स्टारर फिल्म की रीमेक है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, '80 के दशक के पंथ क्लासिक की इस एड्रेनालाईन-ईंधन वाली पुनर्कल्पना में पूर्व-यूएफसी फाइटर डाल्टन (जेक गिलेनहाल) फ्लोरिडा कीज रोडहाउस में बाउंसर के रूप में नौकरी करता है, लेकिन उसे पता चलता है कि यह स्वर्ग वैसा नहीं है, जैसा दिखता है।'

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' की रिलीज डेट टली



जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। फिल्म का निर्देशन कोरताला शिवा कर रहे हैं। हाल ही में (आठ जनवरी) इसका टीजर जारी किया गया था, जिसे समीक्षकों के साथ दर्शकों की भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इसे देखकर साउथ के साथ हिंदी पट्टी के लोगों की भी उत्सुकता बढ़ गई थी। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब यह फिल्म अपने पहले से तय समय पर रिलीज नहीं की जाएगी। रिपोर्ट में करीबी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मेकर्स के फैसले के अनुसार फिल्म को पांच अप्रैल को सिनेमाघरों में नहीं प्रदर्शित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक देवरा में काफी ज्यादा वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी वजह से फिल्म में अधिक समय लग रहा है। निर्माताओं ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे दृश्यों के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। जूनियर एनटीआर भी आरआरआर के बाद इस फिल्म को लेकर आ रहे हैं, इस वजह से वे भी फिल्म को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म 2024 की दूसरी छमाही में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि वीएफएक्स का काम पूरे जोरों पर चल रहा है, लेकिन इस फिल्म की लगभग 20 दिनों की शूटिंग भी अभी बाकी है। वहीं, देवारा में खलनायक की भूमिका निभा रहे सैफ अली खान की चोटिल हैं और सर्जरी के बाद फिलहाल आराम कर रहे हैं। इन सब वजहों से मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाना ही बेहतर समझा है।

### भोजपुरी

## पटना में आज सजेगी भोजपुरी सितारों की महफिल



भोजपुरी फिल्म उद्योग में पहली बार म्यूजिक अवॉर्ड का आयोजन होने जा रहा है। पटना के गांधी मैदान में आगामी 28 जनवरी को भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज सितारों के साथ हिंदी सिनेमा के भी सितारे शिरकत करेंगे। इस दौरान भोजपुरी संगीत से जुड़े हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।भोजपुरी सिनेमा में फिल्मों को लेकर काफी लंबे समय से अवार्ड समारोह का आयोजन होते आ रहा है। भोजपुरी सिनेमा में यह पहला मौका है, जब म्यूजिक को अवॉर्ड दिया जाएगा। देखा जाए तो इन दिनों भोजपुरी फिल्मों से ज्यादा म्यूजिक एल्बम ज्यादा डिमांड में हैं और भोजपुरी एल्बम्स के गाने खूब सुने जा रहे हैं। साल 2022 में यूट्यूब इंडिया की टॉप 10 म्यूजिक वीडियो लिस्ट में भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के दो गाने शामिल रहे। इन दोनों गानों में से 'ले ले आई कोका कोला' पांचवें नंबर पर और 'नथुनिया' 10 वें नंबर पर रहा। इस अवॉर्ड का आयोजन भोजपुरी फिलमची चैनल द्वारा किया जा रहा है। फिलमची भोजपुरी चैनल आईएन 10 मीडिया नेटवर्क का क्षेत्रीय फिल्म चैनल है, जिसपर भोजपुरी फिल्में रिलीज होती है। पिछले साल लखनऊ में आयोजित भोजपुरी फिल्म अवार्ड के दौरान फिलमची भोजपुरी चैनल डिजिटल पार्टनर था। इसी अवॉर्ड शो के दौरान पवन सिंह और खेसारी लाल यादव आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे से गले मिले थे।

बताया जा रहा है कि फिलमची म्यूजिक अवाड्र्स के आयोजन का मकसद भोजपुरी संगीत जगत से जुड़े गायक, संगीतकार और गीतकारों को भोजपुरी संगीत में उनके उत्कृष्ट योगदान को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना है। अपनी शैली की व्यापक लोकप्रियता के बावजूद, यह पहल उद्योग के भीतर स्वीकृति और प्रशंसा की दीर्घकालिक आवश्यकता को स्वीकार करने वाला होगा। फिलमची म्यूजिक अवाड्र्स 2024 का आयोजन पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में होगा। इस अवसर पर उदित नारायण, कुमार सानू और अलका यागिनक के अलावा भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री से मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव निरहुआ, पवन सिंह, खेसारीलाल यादव, रितेश पांडेय, मोनालिसा, आम्रपाली दुबे, अरविंद अकेला कल्लू, प्रवेश लाल यादव और भी कई बड़े सितारे शामिल होंगे।




बर्फ में तूफान

लंदन फैशन वीक हमेशा अपने नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बरबेरी की परंपरा और नवीनता का मिश्रण लंदन फैशन वीक को बहुचर्चित बना देता है। पिछले दिनों बर्फीले मौसम में हुआ यह फैशन शो अपने अनूठे प्रयोग की वजह से चर्चित हुआ। लंदन से पहले बरबेरी का शो मिलान में हो चुका है। कार्पोरेट जगत को भी लंदन फैशन वीक का इंतजार रहता है।

## जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर बन सकता है परेशानी का सबब



अपनी स्किन की जरूरतों के अनुसार आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर अप्लाई करते हैं तो इससे आपकी स्किन को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। अगर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट करने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी स्किन के पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। चूंकि विंटर में हम सभी थिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो ऐसे में यह संभावना और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अगर आप ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें कॉमेडोजेनिक इंग्रीडिएंट्स हैं तो ऐसे में आपको ब्रेकआउट्स व अन्य स्किन प्रोब्लम्स हो सकती हैं। आजकल मार्केट में मिलने वाली अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड प्रोडक्ट काफी महंगे होते हैं। ऐसे में जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो इस तरह आप अपने प्रोडक्ट को ही बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आपकी स्किन केवल एक निश्चित मात्रा तक ही मॉइश्चराइजर को अब्जॉर्ब कर सकती है। अगर आप उससे अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो यह पूरी तरह से वेस्ट हो जाएगा।

## ऑयली स्किन का ख्याल रखने के लिए ऐसे करें ग्रीन टी का इस्तेमाल



अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में ग्रीन टी स्टीम फेशियल यकीनन एक अच्छा विचार है। यह आपकी स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ अतिरिक्त ऑयल को मैनेज करने में मदद करता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो अपनी स्किन से अतिरिक्त ऑयल को हटाने और डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने के लिए आप स्क्रब बनाएं। सबसे पहले आधा कप पानी लेकर उसे गर्म करें। अब इसमें ग्रीन टी बैग डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। अब आप एक कटोरी में चावल का आटा और ग्रीन टी को डालकर मिक्स करें। अब आप अपने फेस को क्लीन करके तैयार स्क्रब को फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें और फिर दस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से अपनी स्किन को क्लीन कर दें। ग्रीन टी की मदद से फेस मास्क बनाकर भी आप अपनी ऑयली स्किन को पैम्पर कर सकती हैं।

## जानिए हेयर सीरम लगाने का सही तरीका



बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है जैसे, हेयर सीरम। हेयर सीरम बालों की समस्याओं से काफी हद तक आपको बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए इस आर्टिकल में मैं बताऊंगा कि हेयर सीरम क्या है? इसके साथ ही आप हेयर सीरम की जरूरत, काम करने, लगाने के तरीके ही हेयर सीरम के फायदों के बारे में भी जान पाएंगे।

**हेयर सीरम कैसे लगायें ?:** बालों को धोने के बाद गीले बालों पर लगाएं, बालों को ब्लो ड्राई करने से पहले लगाएं, हेयर सीरम को ऑयली स्कैल्प पर न लगाएं , हेयर सीरम को ज्यादा न लगाएं, बिना धुले बालों पर न लगाएं

**बाल क्यों टूटते हैं ? :** पर्यावरण के प्रभावों और ज्यादा गर्मी में रहने के कारण बालों की सबसे बाहरी परत यानी क्यूटिकल को नुकसान पहुंचता है। क्यूटिकल को नुकसान पहुंचते ही भीतरी परत मेडुला बाहर निकल आती है। इसकी वजह से बालों में रूखे होकर टूटने, दोमुंह बालों, उलझने और टूटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

**हेयर सीरम क्या है ?**

हेयर सीरम एक लिक्विड बेस्ड ट्रीटमेंट है, जिसे आमतौर पर ऑयल और सिलिकॉन्स से बनाया जाता है। तेल और सिलिकॉन मिलकर बालों के ऊपर एक सुरक्षा परत बना लेते हैं, जिससे बालों को उलझने से बचाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल मुलायम, चिकने और चमकदार रहते हैं। हेयर सीरम की जरूरत क्यों पड़ती है? सीरम को बालों पर उन्हें धोने के बाद लगाया जाता है। इसे किसी भी स्टाइलिंग प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले लगाया जाता है।

## सर्दियों में साड़ी पहनते समय अपनाएं ये ट्रिक्स, नहीं लगेगी ठंड





फैशन

सर्दियां शुरू हो गयी है। सर्दियां लगभग सबको पसंद होती है। इस मौसम में शादी पार्टी का मज़ा ही कुछ और होता है लेकिन ज्यादा ठंड महिलाओं के लिए मुसीबत बन जाती हैं क्योंकि सर्दी के मौसम में महिलाएं शादी के मौके पर खुद को स्टाइल नहीं कर पातीं। दरअसल, महिलाएं महंगे और स्टाइलिश एथनिक या पार्टी वियर कपड़े पहनती हैं लेकिन ठंड बढ़ने के कारण उन्हें स्वेटर या कोट आदि को ऊपर से कैरी करना पड़ता है। ऐसे में उनकी खूबसूरत ड्रेस स्वेटर के नीचे छिप जाती है। इसके अलावा अगर वह विंटर वियर नहीं पहनती तो ठंड और ठिठुरन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सारा फैशन बेकार हो जाता है। इसलिए सर्दियों में किसी कार्यक्रम पर साड़ी पहनने वाली महिलाओं को फैशन के मामले में सबसे अधिक परेशानी होती है। आज हम आपको सर्दियों में शादी सीजन के लिए कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे, जिसे आजमा कर आप साड़ी को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती हैं और आपको ठंड से भी बच सकती हैं।



- **पहनें फुल स्लीव्स**
  ठंड से बचने के लिए आप ब्लाउज स्टाइल का चयन करते समय ध्यान रखें कि ब्लाउज फुल स्लीव्स के हों। फुल स्लीव्स ब्लाउज फैशन के मुताबिक भी ट्रेंड में हैं। कई मौकों पर अभिनेत्रियों को पूरे बाजू वाले ब्लाउज में देखा जा चुका है।
- **लांग ब्लाउज कैरी करें**
  साड़ी के साथ लॉन्ग ब्लाउज भी पहन सकती हैं। लॉन्ग ब्लाउज का फैशन हमेशा रहता है। इस तरह के ब्लाउज के नीचे आप इनर या बॉडी वार्मर पहन सकती हैं।
- **इंडो वेस्टर्न साड़ी पहने**
  सर्दी के मौसम में आप इंडो वेस्टर्न साड़ी कैरी कर सकती हैं। ये एथनिक लुक को मॉडर्न टच देने के साथ ही ठंड से भी बचाएंगी। इसमें आप पैंट स्टाइल साड़ी पहन सकती हैं।

## बेहद खास हैं शहनाज के मेकअप लुक्स, आप भी कर सकते हैं क्रिएट



मेकअप करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन टाइप का खास ध्यान रखें और फिर अपने लिए बेस्ट लुक को चूज करें। मेकअप करना हम सभी को काफी पसंद होता है और इसके लिए हम रोजाना मेकअप करके ऑफिस या फिर कहीं बाहर घूमने निकलते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि हम किसी पार्टी में जाने के लिए तैयार होते हैं और उसके लिए बॉलीवुड की अलग-अलग एक्ट्रेस के मेकअप लुक्स को रीक्रिएट करते हैं, ताकि इन एक्ट्रेस की तरह हम भी खूबसूरत नजर आए।

**ग्लॉसी मेकअप लुक:** नाइट पार्टी में जाना हम सभी को काफी पसंद होता है। इसके लिए आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस गोल्ड ग्लिटर मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इससे स्किन ग्लॉसी और शाइनी लगती है साथ ही एक अलग सी चमक नजर आती है।

**बोल्ड रेड मेकअप लुक:** अगर आपको रेड कलर पसंद है या फिर आप शहनाज गिल की तरह इस तरीके के आउटफिट्स को (शहनाज गिल के हेयर स्टाइल) स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप बोल्ड रेड मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने बोल्ड लिप्स के साथ इस लुक को क्रिएट किया है। जिसमें बेस को नॉर्मल रखा गया है बस आंखों पर लाइट रेड शेड और लिप्स पर डार्क रेड लिपस्टिक का इस्तेमाल किया गया है।

**क्लासिक मेकअप लुक:** शहनाज गिल के इस लुक को आप डेली में भी क्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने बेस को थोड़ा ग्लॉसी रखा है। आंखों पर ब्राउन (शहनाज गिल के लुक्स) आईशैडो के साथ पतला लाइनर क्रिएट किया है, साथ में न्यूड लिपस्टिक को लगाया है। उनके इस लुक को सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट Saba Khan द्वारा क्रिएट किया गया है। जिसे आप मिनटों में घर पर क्रिएट कर सकती हैं।

शहनाज गिल के इन मेकअप लुक्स को करें क्रिएट इससे आप भी काफी सुंदर नजर आएगी।

### कार्नर न्यूज

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से यही सब तो चाहिए

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए मिल सकता है आपको स्टाइलिश और मिनिमल लुक

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए।




### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए- सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई, सनग्लासेस।

### .ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं।



### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

